तापमान
अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 जनवरी 2026

12 युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार: कुलसचिव



12 सीजेआई सूर्यकांत के मास्टर रहे प्रेम सिंह को ग्रामीणों ने किया सम्मानित






## खबर संक्षेप

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल समेत एक काबू

**हिसार**। आज़ाद नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शहर की पालिका विहार कॉलोनी निवासी प्रिंस उर्फ मीतू के रूप में हुई है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही मनोज ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व जांच के दौरान आरोपी को आज़ाद नगर क्षेत्र से काबू किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी मोटरसाइकिल के वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस रिकॉर्ड की जांच करने पर पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल के संबंध में 08 जनवरी को साकेत कॉलोनी से चोरी होने का केस दर्ज है।

### चोरी की बाइक खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार**। सिविल लाइन पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान भूना थाना के ढाणी गोपाल निवासी अजय के रूप में हुई है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही ममता ने बताया कि आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल मात्र पांच हजार रुपये में खरीदी थी, जबकि इस मोटरसाइकिल की चोरी के संबंध में 22 जुलाई 2024 को थाना सिविल लाइन में केस दर्ज है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने मोटरसाइकिल की पहचान छुपाने के उद्देश्य से उसकी नंबर प्लेट बदल रखी थी।

### नशा सप्लाई करने वाला किया काबू, भेजा जेल

**नारनौंद**। पुलिस ने एक स्मैक स्पलायर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसकी पहचान गांव राजथल के राकेश के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया। नारनौंद सीआईए स्टाफ में तैनात उप निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि पांच जनवरी को सीआईए स्टाफ गांव खांडा खेड़ी के बस स्टैंड से विकास निवासी गंगानगर को 12 ग्राम हीरोईन सहित गिरफ्तार किया था। जिस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना नारनौंद में मामला दर्ज किया गया था।

### मनरेगा मजदूर मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**नारनौंद**। नारनौद तहसील के कार्यकारी प्रधान फूल कुमार मिलकपुर की अध्यक्षता में निर्माण मजदूरों और मनरेगा मजदूरों के अधिकार को खत्म किए जाने की सरकार की नीतियों के खिलाफ गांव पाली, राजपुरा, माढ़ा, माजरा में नुक्कड़ मीटिंग करके सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के बारे में जागरूक किया गया।

### नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश

**हिसार**। उपायुक्त महेन्द्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकॉर्ड) की बैठक में नशे की रोकथाम से जुड़ी गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर की गई कार्रवाई की जानकारी साझा की। उपायुक्त ने सभी उपमंडलाधीशों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में नशा पीड़ित व्यक्तियों का नियमित, प्रभावी और संवेदनशील फॉलोअप सुनिश्चित करें।

## जमावड़ी गांव में गुस्साए छात्रों ने रोकी रोडवेज बसें, बोले- पढ़ाई हो रही प्रभावित

# रोडवेज बसों की अनियमित आवाजाही पर भड़के छात्र

**छात्र बोले-निर्धारित समय पर नहीं आ रही हैं बसें**

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

निकटवर्ती गांव जमावड़ी में सोमवार सुबह कॉलेज और आईटीआई जाने वाले छात्र-छात्राओं ने रोडवेज बसों की अनियमित आवाजाही के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने जमावड़ी गांव के बस स्टैंड पर एक रोडवेज बस को रोक लिया, जिससे करीब डेढ़ घंटे तक पेटवाड़ हांसी मार्ग पर यातायात बाधित रहा। जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि पेटवाड़ हांसी रुट पर सुबह 7 से 9 बजे तक कोई भी बस नहीं आती, और करीब सवा 9 बजे जो बस आती है वह पहले से भरी हुई होती है जिसके चलते स्कूल व कॉलेज तथा आईटीआई में पढ़ने जाने वाले तथा नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी होती है। छात्रों ने कहा कि सुबह 9:17 बजे जो बस जमावड़ी गांव के बस पर पहुंची, वह पहले से ही यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी और उसमे पैर रखने तक की जगह नहीं थी। छात्रों का कहना था कि ठंड के मौसम में खिड़कियों पर लटककर यात्रा करना खतरनाक है, इसलिए मजबूरी में उन्हें बस रोकनी पड़ी।




हांसी। हरियाणा रोडवेज की बस को रोक प्रदर्शन करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

ग्रामीणों द्वारा हरियाणा रोड़वेज की बस रोके जाने की सूचना मिलने पर डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई शेखपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई ने छात्रों को समझाते हुए कहा कि सड़क पर बस रोकना समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि परिवहन विभाग से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान शांतिपूर्ण बातचीत से निकाला जाना चाहिए, ताकि आम यात्रियों को भी कोई असुविधा न हो। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझा बुझाकर कर यातायात सुचारू करवाया और रोकी गई बस को वहां से रवाना किया।

### डेढ़ घंटे बाद सामान्य हुआ यातायात

पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाने के बाद प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने रोकी गई बस को साढ़े 10 बजे वहां से जाने दिया। करीब डेढ़ घंटे बाद पेटवाड़ हांसी मार्ग पर स्थिति सामान्य हो पाई और सुचारू रूप से यातायात बहाल हो पाया।

### छात्रों की मांग सुबह के समय नियमित हो बस सेवा

बस स्टैंड पर प्रदर्शन कर छात्रों ने बताया कि उन्होंने परिवहन विभाग से हरियाणा रोड़वेज बस के पास बनवा रखे हैं, लेकिन इस रुट पर नियमित बस सेवा न होने के कारण उनके ये पास व्यर्थ हैं। क्यों कि उन्हें समय पर अपने शिक्षण संस्थानों में पहुंचने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उनके उपर अलग से आर्थिक बोझ पड़ रहा है। छात्रों ने परिवहन विभाग से मांग की कि सुबह के समय पर्याप्त और नियमित बसों की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें अपने शिक्षण संस्थान और नौकरीपेशा लोगों को भी अपने कार्यालयों में समय पर पहुंचने में परेशानी न हो।



हिसार। अतिक्रमण हटाते निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### गांधी चौक, मोती बाजार व आर्य बाजार से हटवाया अतिक्रमण

## नगर निगम का अतिक्रमण मुक्त अभियान रहा जारी

- निगम का उद्देश्य लोगों को मार्ग की परेशानियों से राहत दिलाना है

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम की ओर से शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान निरंतर जारी है। अभियान का उद्देश्य मुख्य मार्गो व मार्केट में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना और आम नागरिकों को होने वाली परेशानी से राहत दिलाना। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर निगम की टीम पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंची। इस कार्रवाई में कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो।

**अतिक्रमण हटाओ अभियान**

सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि सोमवार को अभियान की शुरूआत बालसमंद रोड से पारिजात चौक तक अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट, आर्य बाजार, गांधी चौक, मोती बाजार व इसके आसपास की मार्केट में दुकानदारों को सामान अपनी दुकान की परिधि में रखने की अपील की व साथ-साथ रोड से अतिक्रमण को हटाया गया। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इन सभी मार्केट को मंगलवार सुबह तक का टाइम दिया गया है। इसके बावजूद अगर इन दुकानदार अतिक्रमण नहीं हटाया तो सामान जब्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई से बाजारों में पैदल चलने वालों और ग्राहकों को काफी सुविधा मिली है।

## मणिकूट पर्वत पर ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा

- मणिकूट पर्वत का उल्लेख शिव पुराण सहित अन्य वेद-पुराणों में मिलता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शिव-शक्ति के सबसे शुद्ध एवं सिद्ध स्थान मणिकूट पर्वत ऋषिकेश उत्तराखंड पर देश के त्रयोदश ज्योतिर्लिंग गुजरेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह दिव्य आयोजन आगामी 13 से 15 फरवरी तक मणिकूट पर्व पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 श्री हरिओम जी महाराज (मां त्रिपुर सुंदरी धाम, मणिकूट पर्वत, ऋषिकेश) ने एक प्रेस वार्ता में दी।

हरिओम महाराज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी को राजाजी नेशनल पार्क, टाइगर रिजर्व क्षेत्र, मणिकूट पर्वत, ऋषिकेश उत्तराखंड में त्रयोदश ज्योतिर्लिंग गुजरेश्वर महोदव की प्राणप्रतिष्ठा होगी। तीन दिवसीय इस दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ 13 फरवरी से होगा।

हरिओम जी महाराज ने बताया कि उत्तराखंड ऋषिकेश के वन्य जीव आरक्षित क्षेत्र में स्थित मणिकूट पर्वत का शिव पुराण सहित अन्य वेद पुराणों में भी उल्लेख पाया जाता है। मणिकूट पर्वत पूरे विश्व में शिव-शक्ति का सबसे शुद्ध और सिद्ध स्थान है।

आध्यात्मि दृष्टि से देखें तो यह विश्व का एकमात्र स्थान है जो शिव और शक्ति के संगम की आलौकिक ऊर्जा का प्रतीक है।



हिसार। जानकारी देते चक्रव्रति यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास राड़ा, विकास गोदारा, सतीश सहरावत रामायाण, आचार्य शुभम, आचार्य गौरव, मनोज शर्मा, संजय बिश्नोई, नवनीत शर्मा, सीमा शर्मा, सुरेंद्र स्यहाड़वा, संदीप शर्मा सुल्तानपुर आदि उपस्थित रहे।

## औद्योगिक इकाइयों के लिए पावर टैरिफ सब्सिडी योजना जारी

**हिसार**। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने 'सी' एवं 'डी' श्रेणी ब्लॉकों में स्थित औद्योगिक इकाइयों के लिए पावर टैरिफ सब्सिडी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर ऑपरेशन के सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यकारी अभियंताओं एवं उपमंडल अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि यह सब्सिडी योजना हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति (एचईईपी) -2020 के तहत उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा 29 जुलाई 2021 को अधिसूचित की गई थी। योजना के अंतर्गत माइक्रो एवं स्मॉल एंटरप्राइजेज को 'डी' श्रेणी ब्लॉकों में 40 किलोवाट तथा 'सी' श्रेणी ब्लॉकों में 30 किलोवाट तक की कनेक्टेड लोड सीमा पर 2 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली सब्सिडी प्रदान की जाती है।

## समाधानन शिविर में उपायुक्त ने सुनी लोगों की शिकायतें

## सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर करें जांच : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त महेंद्र पाल ने नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर समाधान किया। समाधान शिविर में सेक्टर 9-11 के निवासियों द्वारा सेक्टर में पानी, बिजली, सीवरेज इत्यादी शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखी, जिस पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निदान में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

कुम्हार मोहल्ला निवासी अजय कुमार द्वारा शीतला माता मंदिर पर सड़क निर्माण में अनियमिता व मनमानी की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### जल्द निपटाएं समस्याएं

गांव सिवानी बोलन निवासी एक प्रार्थी द्वारा बुढ़ापा पेंशन शुरू करने मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को पेंशन संबंधी समस्या को दुरूस्त कर प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। गांव तलवंडी बादशाहपुर निवासी विक्रम द्वारा तहसील कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा जमाबंदी में लोन नो ड्यूज देने की गलत रिपोर्ट शामिल किए जाने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने तहसीलदार को मामले की जांच कर आगामी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हांसी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य प्रगति पर

# हांसी रेलवे स्टेशन पर हेरिटेज लुक के साथ रेल यात्रियों को जल्द मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**लगभग 16.04 करोड़ की लागत से होंगे पुनर्विकास कार्य, स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार होगा आकर्षक**

महाबीर यादव ⏭हांसी

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर-पश्चिम रेलवे, बीकानेर मंडल के 15 स्टेशनों के अलावा 7 अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी पुनर्विकास कार्य करवाया जाएगा, इन 7 स्टेशनों में से हांसी रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य प्रारम्भ हो चुका है और निर्माण कार्य का करीब 16 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य होगा। लगभग 16.04 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग, तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा। स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यन्त आकर्षक बनाया जाएगा, जिसकी छत पर स्थानीय कला एवं संस्कृति का समन्वय करते हुए कलाकारों द्वारा आकर्षक पेंटिंग बनाई जाएंगी। इन सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए साइनेज भी लगाया जाएगा।



हांसी। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन हांसी रेलवे स्टेशन।

### हरित ऊर्जा उत्पादन सोलर ऊर्जा प्लांट भी होगा स्थापित

स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था, सुगम, निर्बाध एवं निरंतर तकनीकी रेल कार्यों के संचालन के लिए हरित ऊर्जा उत्पादन सोलर ऊर्जा प्लांट भी स्थापित किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन के पुनर्विकसित होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, आवागमन सुगम होगा वहीं स्टेशन के पुनर्विकसित होने के बाद व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा।



## मूलभूत सुविधाओं की कमी और मेंटेनेंस चार्ज में बढ़ोतरी को लेकर रोष जताया

- समाधान न होने पर ग्लोबल स्पेस वासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हिसार**। मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता करवाने को लेकर ग्लोबल स्पेस रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी की एडवाइजरी कमेटी ने टाउनशिप के डी ब्लॉक पार्क में पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। इसकी अध्यक्षता सोसायटी प्रधान जयभगवान बडाला ने की तथा संचालन सचिव नरेश सैनी ने किया। प्रधान जयभगवान बडाला और उपप्रधान मदन लाल चैहान ने बैठक में कहा कि टाउनशिप में जनसुविधाओं का टोटा है। मूलभूत सुविधाओं के लिए यहां के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिल्डर द्वारा यहां समस्याओं के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पिछले एक साल में हरेक कॉलोनीवासी व प्लाटधारक से लिया जाने वाला मेंटनेंस चार्ज में दो बार 55 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी कर दी गई है।

रोहतक, मंगलवार
13 जनवरी 2026

# हरिभूमि सहेली






मकर संक्रांति पर्व असल में प्रकृति के बदलाव का उत्सव है। इन दिनों स्त्रियों का उल्लास-उमंग देखते ही बनता है। मकर संक्रांति से ही घर-परिवार में विवाह या दूसरे शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं। यह पर्व हमारे खान-पान और दिनचर्या में भी बदलाव लेकर आता है। गुड़, तिल से बने स्वादिष्ट व्यंजन और आकाश में उड़ती-लहराती पतंगें, हमारे मन और जीवन को नव ऊर्जा से भर देती हैं।

## मकर संक्रांति
## नव ऊर्जा और अपनेपन का उत्सव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार में त्योहारों के उत्सवीय रंगों की डोर स्त्रियां ही थामती हैं। महिलाएं पारंपरिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों की धुरी कही जाती हैं। बहू-बेटियां उत्सवों के परंपरागत और आध्यात्मिक महत्व को मन से समझती हैं। त्योहारों पर घर-आंगन की सज-धज से जुड़ी रचनात्मकता हो या मेल-जोल की सामूहिकता, महिलाएं बहुत सहजता से जीवन के हर पहलू को संभाल लेती हैं। पूरे माहौल को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर देती हैं।

### प्रकृति का उत्सव और स्त्रीमन

उमंगों और पतंगों का पर्व संक्रांति, असल में प्रकृति के बदलाव का भी उत्सव है। स्त्रियों का मन वैचारिक और व्यावहारिक दोनों मोर्चों पर कुदरत के करीब होता है। असल में संक्रांति का पर्व अकेला ऐसा हिंदू त्योहार है, जो चंद्र पंचांग के हिसाब से नहीं बल्कि सौर पंचांग के हिसाब से मनाया जाता है। प्राकृतिक घटनाओं के आधार पर देखें तो संक्रांति का अर्थ ही परिवर्तन या गति है। उत्तरायण का शुभ काल, शुरू होने के चलते साल भर में आने वाली 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति सबसे अहम होती है। उत्तरायण का समय देवी-देवताओं के पूजन का समय माना जाता है। यही वजह है कि इस पर्व के बाद कई त्योहार आते हैं। शुभ मुहूर्त और शुभ कार्य आरंभ होते हैं। ठिठुरती ठंड और घने कोहरे के बाद आने वाले देशभर के इस प्यारे त्योहार पर स्त्रियों का उल्लास भी देखते ही बनता है। घर-परिवार में विवाह हो या कोई दूसरा शुभ कार्य, महिलाओं को सबसे अधिक चाव होता है। साथ ही यह त्योहार हमारे रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव लेकर आता है। बदलते मौसम की इस रुत में भी महिलाओं के मन और जीवन में भी नई ऊष्मा का संचार होता है।

### जुड़ाव और एकता का उत्सव

परिवार हो या देश-परिवेश, सामाजिक सद्भाव और एकता की डोर से स्त्रियां सबके दिलों को जोड़ती हैं। सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े मान-मनुहार के भाव महिलाओं ने ही सहेज रखे हैं। मित्रों-रिश्तेदारों का मेलजोल मकर संक्रांति के त्योहार का अहम हिस्सा होता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर उनसे मिलने जाते हैं। असल में मकर राशि को शनि देव का घर माना जाता है। संक्रांति का त्योहार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का ही उत्सव है। आध्यात्मिक रूप से भी यह मान्यता रिश्तों को मजबूती देने और मेलजोल बनाए रखने का ही संदेश लिए है। यूं भी सूर्य अपना प्रकाश, ऊर्जा और रोशनी की सौगात पूरे संसार को बिना किसी भेदभाव के बांटता है। साथ ही सूर्य का उत्तर दिशा में होना भी आध्यात्मिक रूप से काफी महत्व रखता है। ऐसे में उत्तरायण का उत्सव एकता की सोच को भी सींचता है। सहज जीवन में इसे महिलाएं ही खाद-पानी देती हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान और दान का भी बहुत महत्व है। इस दिन तिल, गुड़, खिचड़ी, फल या आर्थिक मदद देने की रीत है। महिलाएं किसी की सहायता करने वाली रीत निभाने में आगे रहती हैं। इस त्योहार पर जरूरतमंदों को अनाज, कपड़े या दूसरी चीजें दान करने की सोच स्त्रीमन में मौजूद सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से ही मिलवाती है।

### पतंगों के संग उमंगों का उत्सव

बच्चे हों या बड़े, मकर संक्रांति का त्योहार सभी के लिए रंग-बिरंगी पतंगों का एक उत्सव होता है। हमारे देश के कई राज्यों की पतंगबाजी तो दुनिया भर में चर्चित है। वैसे यह त्योहार हर क्षेत्र में अलग रंग, अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में संक्रांति और तमिलनाडु में पोंगल का त्योहार मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल घर लाने का उत्सव लोहड़ी के रूप में मनाते हैं। वहीं असम में इस दिन बिहू पर्व का उल्लास छाया रहता है। बिहू उत्सव में नृत्य करतीं स्त्रियां हों या लोहड़ी पर गिद्दा नृत्य का उल्लास बिखेरती महिलाएं। पतंगबाजी के पेच लड़ाती बेटियां हों या पोंगल के पारंपरिक अनुष्ठान में घर के द्वार पर सुंदर कोलम रंगोली सजाने वाली महिलाएं। हर रूप में यह पर्व महिलाओं के मन की उमंगों की झांकी-सा होता है। पोंगल पर्व पर तो थाई पोंगल यानी सूर्य पूजा और मट्टू पोंगल यानी पशु पूजा के समय महिलाएं ही पूजा अनुष्ठानों की नेतृत्व करती हैं। साथ ही पूरे परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। वहीं उत्तर भारत की पतंग उड़ाने की परंपरा भी मनोरंजन भर नहीं है। डोर से बंधी आसमान में उड़ती पतंग, आपसी रिश्तों को भी जोड़ती है। मेल-मिलाप का यह रंग आंगन की बजाय छतों-चौबारों की साझी बैठकी में खिलता है। समरसता के इस भाव को भी स्त्रियां ही बल देती हैं।



### सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को पोसती लोहड़ी

लोहड़ी का पर्व भी प्रकृति का आभार जताने का ही उत्सव है। हमारे कृषि प्रधान देश में लोहड़ी का त्योहार फसलें कटकर घर आने की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही यह पर्व सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को भी पोसता है। विशेषकर पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाए जाने वाले इस पर्व को तिलोड़ी भी कहते हैं। शादी के बाद की पहली लोहड़ी बहुत खास होती है। पारंपरिक रूप से बेटे के जन्म के बाद पहली लोहड़ी बहुत धूमधाम से मनाई जाती थी। बेटे के जन्म के बाद घर में ढोल-नगाड़ों से उसका स्वागत किया जाता था और पहली लोहड़ी पर गांव भर में उसके आगमन की मिठाई बांटी जाती थी। सुखद है कि लाडलियों के प्रति परिवार-समाज में आई सहज स्वीकार्यता की सोच से घर-परिवार में एक बड़ा बदलाव दिखने लगा है। अब बिटिया की पहली लोहड़ी भी खूब हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। शादी के बाद भी बेटी की पहली लोहड़ी पर मायके वाले त्योहारी भिजवाते हैं। यह स्नेह भरा शगुन उन्हें अपने आंगन से जोड़े रखने की सोच लिए है। मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद और लोकगीतों का साथ इस पर्व को बहुत खास बना देता है।



## खुश रहना भी एक आर्ट है

हर कोई चाहता है, वह खुश रहे। लेकिन खुश रहने का कोई बना-बनाया फॉर्मूला नहीं होता है। यह एक आर्ट ऑफ लाइफस्टाइल है। आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ छोटे बदलाव करके भी खुश रह सकती हैं। यहां दी गई बातें अमल में लाएं और हमेशा खुश रहें।



जीवनशैली
अलका जैन

रविवार की सुबह आभा पार्क में टहल रही थी, तभी सामने से उसे राधा आती दिखी। हमेशा की तरह वह मुस्कुराते हुए मिली, बातें कीं। लेकिन उसकी आंखों में कहीं न कहीं एक मायूसी थी। आभा ने पूछा, 'सब ठीक है न?' राधा ने ठंडे स्वर में 'हां' तो कहा लेकिन उसकी मुस्कान बनावटी सी लगी। हम में से कई लोग अकसर अपनी थकान, उदासी या तनाव को मुस्कुराहट के पीछे छुपा लेते हैं, सिर्फ इसलिए कि दुनिया हमें खुश देखे। वास्तव में खुश रहना एक आर्ट है। इसके लिए आपको यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**इन लक्षणों को पहचानें:** मन से नाखुशी, हमेशा शब्दों में प्रकट नहीं होती, संकेतों के रूप में भी सामने आती है। इन्हें पहचानना जरूरी है। हर समय थकान महसूस होना। पहले पसंद आने वाले कामों में रुचि कम हो जाना। नींद या भूख में बदलाव। मित्रों और जानने वालों से दूरी बना लेना। इन संकेतों को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन यही वह पल है, जब आपको रुककर खुद से पूछना चाहिए- 'मैं सच में कैसा महसूस कर रही हूं?' अगर उत्तर पॉजिटिव न मिले तो लाइफस्टाल में बदलाव करें।

**सही नहीं तुलना करना:** हर बात में दूसरों से तुलना, धीरे-धीरे आत्मसम्मान को चोट पहुंचाती है। किसी की करियर की सफलता, किसी का खूबसूरत घर या सोशल स्टेटस देखकर इंफीरियर महसूस करने से आप बेवजह अपने को खुशी से दूर कर लेती हैं। सच यह है कि किसी की भी जिंदगी परफेक्ट नहीं होती। इसलिए दूसरों से तुलना करने से बचें।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर:** हालांकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। लेकिन खुले तौर पर अपनी परेशानियों को साझा करने में अब भी झिझक महसूस होती है। तनाव, चिंता, अकेलापन और अवसाद जैसे मनोभाव, किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं, चाहे वह बाहरी रूप से कितनी भी खुश क्यों न दिखे। जब तक आप मेंटली हेल्दी नहीं होंगी, खुश नहीं रह सकती हैं।

**खुद के साथ समय बिताएं:** खुश रहना मन की एक अवस्था है। इस पाने की शुरुआत खुद को समय देने से होती है। इसके लिए सबसे पहले सुबह उठकर कुछ मिनट ध्यान या गहरी सांसें लें। हफ्ते में एक दिन सिर्फ अपने पसंदीदा काम के लिए रखें। नित्य प्रकृति के साथ समय बिताएं।

**सोशल मीडिया पॉजिटिव हैबिट्स:** सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाना जरूरी नहीं, बल्कि इसे अपने लिए पॉजिटिव बनाने की आदत कारगर है। ऐसे पेज और अकाउंट फॉलो करें, जो प्रेरणा और सुकून देते हों, ऐसे लोगों को रोल मॉडल बनाएं, जिनकी कथनी और करनी में अंतर ना हो। सबसे जरूरी है कि सोशल मीडिया को यूज करने का समय सीमित करें।

**थोड़ा रिलैक्स होना भी है जरूरी:** मुस्कान सिर्फ होंठों पर नहीं, मन में भी होनी चाहिए। अगर आज आपको लगता है कि आप थक गई हैं, तो इसे स्वीकार करें और कुछ देर रिलैक्स जरूर करें। याद रखें, रुकना, सांस लेना और फिर से शुरू करना बिल्कुल ठीक है। इसलिए थकान महसूस होने पर रिलैक्स होना भी जरूरी है। इससे मन को ताजगी अहसास होता है।

### बात करना और सुनना

**कभी-कभी** हमें लगता है कि हमारे पास कहने के लिए सही शब्द नहीं हैं या लोग हमें समझेंगे नहीं। लेकिन सच यह है कि सही लोगों से बातचीत आधी परेशानी हल कर देती है। दोस्त, परिवार या कोई भरोसेमंद सहकर्मी। किसी से भी अपनी बात कह देना, मन को हल्का कर सकता है। उतना ही जरूरी है, दूसरों को सुनना क्योंकि हो सकता है उनकी बातों में भी वही कहानी छुपी हो, जिससे आप खुद गुजर रही हों।



---

आज भी काफी लोग रेडीमेड स्वेटर के बजाय हाथ के बुने स्वेटर पसंद करते हैं। हाथ से बने स्वेटर बनाते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। इन बातों को अमल में लाएंगी तो आपकी बुनाई कुछ अलग ही रंग जमाएगी।

## सर्दियों में बुनाई करते समय रखें इन बातों का ध्यान

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री

आजकल हाथ के बुने स्वेटर का चलन कुछ कम हो गया है लेकिन स्वेटर बुनने के शौकीन अपने हाथों को रोक ही नहीं पाते। साथ ही फैशन कोई भी हो कुछ लोंगों को बाजार के रेडीमेड स्वेटर की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर ही पसंद आते हैं। छोटे बच्चों को तो आज भी माताएं हाथ के बने स्वेटर ही पहनाना पसंद करतीं हैं, क्योंकि रेडीमेड स्वेटर्स की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर्स ज्यादा गरमाते हैं। यदि आप भी बुनाई की शौकीन हैं तो यहां बताई जा रही बातें ध्यान में जरूर रखें, जो स्वेटर बुनते समय आपके लिए बहुत उपयोगी और फायदेमंद होंगी-



- ऊन खरीदने से पहले किसके लिए क्या बनाना है,यह सुनिश्चित कर लें, क्योंकि बच्चों के लिए गहरे रंग, बड़ों के लिए हल्के और लड़के-लड़कियों के रंग भी अलग-अलग होते हैं।
- छोटे बच्चों के लिए फर वाली या फैशनेबल ऊन खरीदने की अपेक्षा अच्छे ब्रांड का बेबी वूल ही खरीदें, क्योंकि यह एकदम नरम और बिना रोएं वाली होती हैं।
- ऊन हमेशा आवश्यकता से कुछ अधिक ही खरीदें, क्योंकि कम पड़ने पर अकसर उसी शेड की ऊन मिलना मुश्किल हो जाता है।
- मोटी प्लाई के लिए कम नंबर की और पतली प्लाई वाली ऊन के लिए अधिक नंबर की सलाई को यूज करें।
- गले, बाहों और कमर के बॉर्डर के लिए दो नंबर अधिक की सलाई लें अर्थात यदि बॉर्डर 10 नंबर से बना रही हैं तो पूरा स्वेटर 8 नंबर से बनाएं, इससे स्वेटर देखने में तो अच्छा लगेगा ही बॉर्डर लूज भी नहीं होगा।
- बुनाई करते समय बुनने वाली सलाई को पूरा खत्म करके ही उठें अन्यथा फंदे निकलकर आपके स्वेटर डिजाइन को ही खराब कर सकते हैं।
- फंदे सदैव कड़े हाथ से और दोहरी ऊन से ही डालें, क्योंकि ढीले हाथ से डाले गए फंदे बाद में और ढीले हो जाएंगे और स्वेटर का आकार ही बिगड़ जाएगा।



- बुनाई करते समय ऊन के गोलों को एक पॉलीथिन बैग में रखें, जब बुनाई बंद करें तो इसी में बुने स्वेटर को सलाई सहित रखें, इससे आपका आधा बुना स्वेटर गंदा नहीं होगा।
- छोटे बच्चों के स्वेटर पर ऊपर किसी भी प्रकार के मोती, नग, सितारे, कुंदन आदि न लगाएं, क्योंकि वे इन्हें मुंह में डाल सकते हैं। उनके स्वेटर पर कढ़ाई इत्यादि करने के लिए धागे या ऊन का ही प्रयोग करें।
- स्वेटर बनाने के बाद उल्टी तरफ निकले धागों और गांठों को कैंची से थोड़ा-सा काटकर क्रोशिया या सलाई की सहायता से ऊन के धागों में छिपा दें।
- जहां तक संभव हो छोटे बच्चों के स्वेटर एक से अधिक रंग के और अधिक डिजाइन वाले न बनाएं ताकि ऐसे स्वेटरों या मोजों को पहनते समय उनके हाथ-पैर आदि इनके धागों में न उलझें।
- दो रंग का स्वेटर बनाते समय एक रंग की अपेक्षा 10-12 फंदे अधिक डालें, क्योंकि दो रंग के धागे आपस में उलझकर खिंचते हैं।



---

## अप्लाई करें हेयर परफ्यूम
## बालों से आएगी भीनी-भीनी खुशबू



हेयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

हेयर परफ्यूम, बालों को सुगंधित करने के साथ फ्रेश लुक देने में भी मदद करते हैं। हेयर परफ्यूम रूखे, फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है। लेकिन इसे अप्लाई करने से पहले इसके बारे में जानना भी जरूरी है।

**हेयर परफ्यूम की खासियतें:** हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल नहीं होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये बालों को अपनी खुशबू से महकाता और साथ-साथ बालों को मॉयश्चराइज भी करता है, जिससे बाल हेल्दी और तरोताजा नजर आते हैं। इनसे बाल और भी आकर्षक नजर आते हैं। हेयर परफ्यूम, बालों को सुंदर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क लेते हैं, लेकिन उसमें अल्कोहल होता है, जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। जबकि हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर वाटर बेस्ड होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाता है और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाता है। हालांकि बाजार में ब्रांडेड हेयर स्प्रे भी मिलते हैं लेकिन आप चाहें तो घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बना सकती हैं।



**रोज एसेंस हेयर परफ्यूम:** गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बॉटल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी समारोह या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं।

**गुलाब जल और विच हेजल:** कांच के एक बर्तन में आधा चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच विच हेजल (स्किन केयर में यूज किया जाने वाला एक पौधा) को अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण में पांच बूंदें गुलाब के तेल की मिलाकर मिश्रण को स्प्रे बॉटल में डाल लें। यह हेयर परफ्यूम स्प्रे तैयार है।

**हेयर परफ्यूम ऐसे लगाएं:** सबसे पहले बॉटल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें। ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों-बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि परफ्यूम का समान वितरण हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है।

---

कम तापमान, ठंडी हवाएं और प्रदूषण की वजह से कुछ लोग एलर्जी की समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। अगर ध्यान नहीं देंगी तो यह समस्या बढ़ भी सकती है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है।

## सर्दी के मौसम में हो सकती है एलर्जी

हेल्थ सजेशन
डॉ. अश्वनी कानेटकर
होम्योपैथ कंसल्टेंट

बदलते मौसम में ही नहीं बहुत अधिक ठंड के दिनों में भी तरह-तरह की एलर्जी की समस्याएं हो सकती हैं। धूप ज्यादा न होने से हवा में नमी और रूखापन बढ़ने लगता है। ऐसे मौसम में कई बैक्टीरिया और फफूंदी पैदा होने लगते हैं, जो हमारी त्वचा, आंखों और सांस की नलियों में प्रवेश करके उन पर सीधा असर डालते हैं। परिणामस्वरूप कई तरह की एलर्जी के मामले सामने आने लगते हैं।

**एलर्जी के मुख्य कारण:** इन दिनों धूप की कमी की वजह से हवा में नमी बढ़ी हुई है। इसके अलावा कई शहरों, महानगरों में प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। कोहरा और प्रदूषण मिलकर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करते हैं। इस दौरान कई तरह के बैक्टीरिया, धूल के कण और प्रदूषक पदार्थ की वजह से एलर्जी की समस्या पैदा होती है।

**इन लक्षणों का रखें ध्यान:** एलर्जी के लक्षण सामान्य तौर पर सर्दी-जुकाम जैसे लग सकते हैं। लेकिन अगर ये लंबे समय तक बने रहें तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी हो जाता है। किसी भी तरह की एलर्जी का सही ट्रीटमेंट न करने से शारीरिक समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए यहां बताए जा रहे लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से कंसल्ट करने में देर ना करें।



**लगातार छींक आना:** हवा में मौजूद नमी, नाक और श्वास नलियों को प्रभावित करती है, जिससे कई लोगों को या तो लगातार छींकें आने लगती हैं या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बुखार भी आ सकता है। कुछ लोगों को ऐसे लक्षण केवल सुबह या शाम के समय दिखते हैं, जबकि दिन में तापमान बढ़ने पर ये लक्षण अपने आप रुक जाते हैं।

**आंखों में जलन:** इस मौसम में हवा में रूखापन बहुत बढ़ जाता है, जिससे कुछ लोगों में आंखों का लाल होना या आंखों में जलन और पानी निकलने जैसी समस्याएं दिखने लगती हैं।

**त्वचा पर रैशेज या ईचिंग:** कई बार इंड के मौसम में हवा में मौजूद फंगस त्वचा की समस्याओं को बढ़ा देते हैं, जिससे रैशेज और इचिंग की समस्या बढ़ती है। रूखी हवाओं की वजह से समस्या बढ़ती है।

प्रस्तुति: बुशरा फातिमा

### अपनाएं बचाव के उपाय

सर्दी के मौसम में होने वाली एलर्जी की समस्याओं से बचाव के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

- जब भी धूप निकले कुछ देर रोजाना धूप में जरूर बैठें। इससे कई तरह की एलर्जी से आपका बचाव होगा।
- पहनने वाले कपड़े और बिस्तर नम न हों इसका ध्यान रखें। जब भी धूप निकले इसे जरूर सुखाएं।
- अगर एलर्जी या इंफेक्शन की वजह से नाक और गले में दर्द हो रहा हो तो भाप लेना फायदेमंद होता है।
- अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए घर का बना काढ़ा जिसमें हल्दी, गिलोय, नीबू, तुलसी आदि शामिल हो, उसका नियमित सेवन करें। इससे आप कई तरह की एलर्जी से बची रहेंगी।
- विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नीबू, अमरूद आदि का अधिक सेवन करें।
- होम्योपैथी में कुछ दवाएं एलर्जी से बचाती हैं। आप इनका सेवन डॉक्टर के कंसल्टेशन से कर सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### आर्ट ऑफ लिविंग ने की गुरु पूजा

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग ओर से परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की बहन भानुमति नरसिम्हन के जन्मोत्सव के उपलक्ष में गुरु पूजा और सत्संग का आयोजन किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के शिक्षक डॉ. उमेश आर्य, भारती मुंजाल, कृष्ण कुमार, महावीर अग्रवाल एवं मंजू पूरी ने गुरु पूजा ने की। गुरू पूजा के पश्चात सभी ने मिलकर दिव्य सत्संग किया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक सुमन गोयल, पिंकी अग्रवाल, ईश्वर सैनी के अलावा स्वयंसेवक संतोष गोयल, हर्षा छाबड़ा, रंजना सैनी, नीलम बांगा, जंबिका, रूचि, कौशल सैनी, संजीव अरोड़ा, गोविंद बांगा, भव्यम गोयल आदि उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 15 विद्यार्थी चयनित

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में स्पार्क मिंडा नोएडा द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। यह ड्राइव मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं के 2023–26 बैच के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 15 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जिनमें 9 छात्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा 6 छात्र इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा से चयनित हुए।

### 2 को मनाएंगे पंडित जसराज की जयंती

**हिसार।** शास्त्रीय संगीत के विश्व विख्यात गायक पंडित जसराज की राज्य स्तरीय जयंती 2 फरवरी उनके गांव पीली मंदोरी में मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला पार्षद ओपी मालिया ने बताया कि पंडित जसराज की जयंती इतने बड़े स्तर पर पहली बार मनाई जा रही है। उन्होंने गांव धांसू व मिर्जापुर में जयंती का निमंत्रण देते हुए कहा कि 2 फरवरी को प्रदेश के सभी जिलों से हजारों की संख्या में लोग पीलीमंदोरी पहुंचेंगे।

### हरियाणा ओड सभा के चुनाव संपन्न

**हिसार।** हरियाणा ओड सभा की एक प्रदेश स्तरीय बैठक बाबा भागीरथ ओड सेवा ट्रस्ट ओड धर्मशाला फतेहाबाद में हुई। इसमें सभा की कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के चुनाव अधिकारी मनोहर लाल ने की। इसमें हरियाणा ओड सभा के पदाधिकारी चुने गए।

### गरीबों के रोजगार छीनने की साजिश कर रही भाजपा

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कानून विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट साहिल दहिया ने कहा है कि भाजपा सरकार बेहद चालाकी से गरीब, मजदूर, दलित, पिछड़े और किसानों को निशाना बना रही है। मनरेगा योजना के नाम के साथ-साथ स्वरूप को भी बदलकर भाजपा ने इस योजना की आत्मा को मार दिया है। यह सिर्फ एक नाम का बदलना नहीं है, बल्कि, गरीबों के अधिकार पर एक सुनियोजित हमला है। भाजपा ने ग्रामीण गरीबों के रोजगार की मूल कानूनी गारंटी को कमजोर कर दिया है।

## शैक्षणिक संस्थान राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशालाएं : प्रो. छोकर

# आरएसएस ने कभी सत्ता या पद को अपना लक्ष्य नहीं बनाया: दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला हिसार की ओर से संघ की सौ वर्ष की गौरवशाली यात्रा के उपलक्ष्य में एक भव्य 'प्रमुख जन गोष्ठी' का आयोजन गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सेमिनार हाल-3 में किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्र चिंतन, सामाजिक परिवर्तन और सांस्कृतिक चेतना के सशक्त मंच के रूप में उभरकर सामने आया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में पूरे कार्यक्रम की विषयवस्तु को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए महत्वपूर्ण दिशा दी। उन्होंने कहा कि संघ की सौ वर्ष की यात्रा और पंच परिवर्तन का उद्देश्य एक सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत का निर्माण करना है। प्रो. छोकर ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशालाएं होते हैं, जहां से विचार, चरित्र और नेतृत्व का विकास होता है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए मूल्य आधारित शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र सेवा को समय की आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। सभागार में उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक गौरव से ओत-प्रोत वातावरण का अनुभव किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. यशपाल सिंगला ने प्रारंभिक उद्बोधन में गोष्ठी की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और विषयवस्तु को स्पष्ट करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।


हिसार। प्रमुख जन गोष्ठी में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र निर्माण पर की चर्चा

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा समाज को संगठित करने और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक तैयार करने के उद्देश्य से की गई थी। दीपक ने स्पष्ट किया कि संघ ने कभी सत्ता या पद को अपना लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि संस्कार, सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को अपने कार्य का मूल आधार बनाया। उन्होंने बताया कि शाखा पद्धति के माध्यम से संघ ने सामान्य नागरिकों में चरित्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना विकसित की है। दूसरे वक्ता पवन कौशिक ने अपने संबोधन में 'पंच परिवर्तन' की अवधारणा पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

## आरएसएस एक वटवृक्ष जिस पर आज हो रहा शोधः सीताराम व्यास

### संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त प्रमुख जन गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला हिसार द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में संघ के विचार, दृष्टि और सामाजिक भूमिका पर गंभीर एवं प्रेरक विमर्श हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीताराम व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज एक वटवृक्ष के समान है जिसकी जड़ें गहरी हैं, तना सुदृढ़ है और जिसकी छाया में समाज के विविध क्षेत्र पुष्पित-पल्लवित हो रहे हैं। आज न केवल देश में, बल्कि विश्व स्तर पर संघ की कार्यपद्धति, उसके सामाजिक मॉडल और उसके दीर्घकालिक प्रभाव पर गंभीर शोध हो रहा है।

#### पंच परिवर्तन विचार

संघ का विजन एक ऐसे भारत का निर्माण है जो प्रभावशाली, अग्रणी और आत्मविश्वास से परिपूर्ण हो। संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। कार्यक्रम में वक्ता विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री राधेश्याम ने पंच परिवर्तन विषय पर विचार रखते हुए कहा कि आज समाज गर्व के साथ कह सकता है "हम हिंदू हैं" और यह गर्व केवल शब्दों में नहीं, बल्कि आचरण में दिखना चाहिए।

## गुजवि सतत नवाचार पर सम्मेलन 12 व 13 मार्च को

### नीति-निर्माता भी सम्मेलन में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से पर्यावरण, जीव विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सतत नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सस्टनेबल इनोवेशंस इन लाइफ साइंसिज, फूड, इनवायर्नमेंट एंड बायोटेक्नोलॉजी (आईसी-एसआईएलएफईबी 2026)' विषय पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 12 व 13 मार्च 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के वैज्ञानिक, शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ तथा नीति-निमार्ता भाग लेंगे। सम्मेलन की औपचारिक घोषणा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन विवरणिका के विमोचन के साथ की गई। विवरणिका का अनावरण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर प्रो. विनोद छोकर, प्रो. आशा गुप्ता, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. आराधिता बर्मन रे, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. पुष्पा रानी तथा डॉ. उस्मान अली भी उपस्थित रहे

## सीएम ने दिया सजगता का प्रमाण : आशा खेदड़

*मुख्यमंत्री ने कृषि, ग्रामीण विकास, मेडिकल, उद्योगों में बजट आवंटन सहित अन्य मांगे रखी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


डॉ. आशा खेदड़

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा केन्द्रीय बजट से पहले केन्द्र से विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय मदद मांगे जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास व जनसमस्याओं के निवारण की दिशा में मुख्यमंत्री की इस मांग ने साबित कर दिया है कि वे प्रदेशवासियों के हितों के प्रति कितने सजग है। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से हुई बजट पूर्व मुख्यमंत्रियों की बातचीत में प्रदेश से जुड़ी अनेक मांगे रखते हुए वित्तीय मदद की मांग की है। इनमें मुख्य रूप से कृषि, ग्रामीण विकास, मेडिकल, उद्योगों में बजट आवंटन सहित अन्य मांगे प्रमुख रही। कृषि क्षेत्र की ओर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने केन्द्र से सेमग्रस्त जमीन के लिए विशेष वित्तीय मदद की मांग की है।

## भाविप ने मनाया लोहड़ी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा ने 'भारत को जानो' की लिखित परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर हिसार का नाम रोशन किया है। यह जानकारी सचिव नरेश बंसल ने शाखा द्वारा आयोजित मकर संक्रांति एवं लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम के दौरान सदस्यों से सांझा की। देवी भवन में आयोजित मकर संक्रांति लोहड़ी उत्सव एवं परिवार मिलन समारोह में बंसल ने बताया की हिसार के विभिन्न स्कूलों के 19282 बच्चों ने भारत को जानो प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा दी, जो पूरे देश में सबसे अधिक थी। मकर संक्रांति लोहड़ी उत्सव में कप्पल गेम, बच्चों के गेम्स व डांस प्रतियोगिता का मातृ शक्ति, बच्चों व पुरुष सदस्यों ने भरपूर मनोरंजन किया। शाखा अध्यक्ष अमर गोयल ने बताया की कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा गुप्ता मुख्य अतिथि रही जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर प्रवीण पोपली कार्यक्रम में पहुंचे। डॉ. मुस्कान सिंगल, कुसुम रावलवासिया व सपना गोयल ने अति विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। मेयर प्रवीण पोपली व डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने लोहड़ी की पावन अग्नि को प्रज्वलित किया।



हिसार। कार्यक्रम कें प्रस्तुति देती शाखा परिवार की महिलाएं।

## समाधान शिविर में जनशिकायतों पर त्वरित कार्रवाई

### समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी हर व्यक्ति की समस्या

- जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डीसी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आमजन की शिकायतें एवं समस्याएं सुनी गईं। डीसी ने शिविर में पहुंची प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविर में मोहला गांव निवासी द्वारा गली निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई।


हांसी। समाधान शिविर के दौरान जन समस्याएं सुनते डीसी राहुल नरवाल।

#### ये रखी समस्याएं

समाधान शिविर में ढाणी पाल निवासी हरपाल ने अपने दो बच्चों की दिव्यांग पेंशन बनवाने, हांसी निवासी सुरेश कुमार ने परिवार पहचान पत्र में जन्मतिथि दुरुस्त करवाने, गांव कुम्भा निवासी कैलाश देवी व गांव देपल निवासी अनारो देवी ने वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड तथा परिवार पहचान पत्र में आय संशोधन से संबंधित समस्याएं रखीं। समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ, तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कथा सुनने से होती है मन की शुद्धि

### बगला ज्वाला माई धाम कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

गांव बगला स्थित ज्वाला माई धाम में सोमवार से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। आयोजन में वृंदावन से पधारे स्वामी सुमेधानंद महाराज द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। पहले दिन स्वामी सुमेधानंद महाराज ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। कथा सुनने से मन की शुद्धि, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।


आदमपुर। गांव बगला में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

#### भागवत जरूर सुनें

स्वामी सुमेधानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत साक्षात तीर्थराज प्रयाग है, जहां भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। मनुष्य को अपने जीवन में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। एमसी जोशी ने बताया कि इस धार्मिक कथा का आयोजन निर्मल कुमार मिंडा एवं सुमन मिंडा, अशोक मिंडा एवं सारिका मिंडा के सहयोग से ज्वाला माई धाम समिति द्वारा किया जा रहा है। कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### कार्यकारी अभियंता से मिला यूनियन प्रतिनिधिमंडल

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की ग्रामीण ब्रांच का प्रतिनिधिमंडल कर्मचारियों की मांगों को लेकर ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया के नेतृत्व में सोमवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक की कार्यकारी अभियंता से मिला। ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया ने बताया कि कार्यकारी अभियंता के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। कार्यकारी अभियंता ने कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकारी अभियंता से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा को लेकर उनका डाटा पोर्टल पर अपलोड करने की मांग की।


उकलाना। शुभम का स्वागत करते परिजन व प्रशंसक। फोटो :हरिभूमि

### शुभम ने तीरंदाजी में जीता कांस्य

उकलाना मंडी। रांची में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में यहां के राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के छात्र शुभम ने अंडर-17 आयु वर्ग की तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर उकलाना क्षेत्र व जिला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। गांव कुंदनपुरा निवासी शुभम की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों में गर्व की भावना देखी जा रही है। शुभम की इस शानदार सफलता पर गांव कुंदनपुरा में परिवार व ग्राम पंचायत की ओर से उनका सम्मान किया गया। शुभम की इस उपलब्धि को आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शुभम पूर्व सरपंच बलजीत सिंह के भतीजे हैं। उनके प्रशिक्षक संदीप एवं पवीण ने शुभकामनाएं दी।

## कुलां व दरियापुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस की कुलां पुलिस चौकी द्वारा गांव नन्हेड़ी तथा पुलिस चौकी दरियापुर क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान में डॉग स्क्वॉड टीम, कमांडो टीम और क्षेत्रीय पुलिस बल ने संयुक्त रूप से भाग लिया। तलाशी के दौरान क्या पकड़ा गया, इस बारे फिलहाल पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस पीआरओ के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य नशा तस्करी, चोरी और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना तथा कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना था। पुलिस टीम ने प्रत्येक घर, गोदाम और संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली और इलाके में निगरानी और गश्त बढ़ाई। अभियान के दौरान कोई नशे का पदार्थ या अन्य अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई।

पुलिस चौकी कुलां के प्रभारी ने बताया कि गांव नन्हेड़ी में विशेष ध्यान उन स्थानों पर दिया गया जहां नशे या चोरी से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिली थी। डॉग स्क्वॉड टीम ने संदिग्ध स्थानों की पहचान कर निरीक्षण किया। इसी तरह, दरियापुर क्षेत्र में कमांडो टीम और स्थानीय पुलिस बल ने घर-घर जाकर तलाशी ली। अभियान के दौरान पुलिस ने सुनिश्चित किया कि किसी नागरिक की निजता का उल्लंघन न हो ।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना से लाभान्वित हो रहे लोग

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिससे अनेक परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में बेटियों के विवाह को लेकर परिवारों पर पडऩे वाले आर्थिक दबाव को कम करना है। योजना के अंतर्गत वे परिवार पात्र माने गए हैं जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए तक है। योजना के तहत अब तक जिला के 2334 लाभपात्रों के खाते में 13 करोड़ 99 लाख 66 हजार रुपए की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा चुकी है।

### 20 से अधिक विभागों को गणतंत्र दिवस की झांकियां तैयार करने के निर्देश

# गणतंत्र दिवस की भव्य व सुरक्षित तैयारियों की समीक्षा की

*गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय व सुरक्षित ढंग से मनाने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त महेन्द्र पाल ने आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समारोह को भव्य, गरिमामय और पूरी तरह सुरक्षित ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परेड ग्राउंड की तैयारियां, मंच व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, बैठक व्यवस्था, सजावट और साफ-सफाई के सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, ट्रैफिक नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए।


हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

#### कार्यक्रमों की रिहर्सल समय पर हो पूरी

डीसी ने शिक्षा विभाग को प्रस्तुत किए जाने वाले पीटी व लेजियम शो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल समय पर पूरी कराने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विविधता की झलक दिखाई देनी चाहिए। इसी प्रकार से उन्होंने लगभग 20 से अधिक विभागों को झांकियां तैयार करने के निर्देश दिए और कहा कि इन झांकियों में हरियाणवी संस्कृति, देशभक्ति की भावना तथा विभागों से जुड़ी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी होनी चाहिए। बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम हरिराम, डीडीपीओ नरेंद्र, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## हकृवि में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार: कुलसचिव

**विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विविध प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने फ्लेचर भवन से स्वदेशी संकल्प दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में उतारकर सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए। यह दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि युवा शक्ति को जागृत करने और स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का दिन है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। मंच पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, डॉ. अन्नू और डॉ. अरूण उपस्थित रहे।


हिसार। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित संकल्प दौड़ में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

### प्रतियोगिताओं के यह रहे परिणाम

भाषण प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम, रिया द्वितीय तथा खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री में जतिन सिंघल ने प्रथम, अकृति ने द्वितीय तथा अन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रथम, मुस्कान प्रथम वर्ष की छात्रा द्वितीय तथा पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में करीना ने प्रथम, ईशा ने द्वितीय तथा शिवम सौरभ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में रोमिका ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय तथा पायल ने तृतीय स्थान हासिल किया। गायन प्रतियोगिता में प्रियांशु ने प्रथम, आशीष राजपूत ने द्वितीय तथा भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर,


हिसार। 'रन फॉर स्वदेशी' को झंडी दिखाकर रवाना करते कुलपति।

### कुलपति ने दिखाई 'रन फॉर स्वदेशी' को हरी झंडी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'रन फॉर स्वदेशी (स्वदेशी संकल्प रन)' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। सुबह कुलपति सचिवालय से शुरू हुई दौड़ का मार्ग कुलपति सचिवालय से गिरी सेंटर होते हुए विश्वविद्यालय के खेल परिसर स्थित बास्केटबॉल कोर्ट पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप कुमार गुप्ता, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, निदेशक आईपीवीएस डॉ. पवन, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. निलेश सिंधु सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।


हिसार। रन फॉर स्वदेशी में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

### विवेकानंद के जीवन एवं दर्शन पर प्रकाश डाला

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ धीरज कुमार ने विवेकानंद के जीवन एवं दर्शन पर प्रकाश डाला। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन सर्वसमाज के लिए प्रेरणादायक है। हमें उनके जीवन से सीख लेकर स्वदेशी आंदोलन को घर-घर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय परिसर से रन फॉर स्वदेशी को रवाना किया।


हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. राजबीर गर्ग।

### लक्ष्य निर्धारित करके लगातार प्रयास करें

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरक्त की। मंच पर सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप पूनियां, स्वदेशी जागरण मंच से अनिल गोयल व सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील कुमार लेगा उपस्थित रहे। डॉ. राजबीर गर्ग ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. चन्द्रशेखर डागर ने सभी का स्वागत किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. लोचन शर्मा ने किया। मंच का संचालन छात्र रितिक ने किया। कार्यक्रम में कुलदीप पूनियां, डॉ. भगत सिंह मौजूद रहे।

### महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन से जुड़े एनसीसी आर्मी विंग कैडेट्स, नं 1 हरियाणा एयर स्क्वाडन हिसार से जुड़े एनसीसी एयर विंग कैडेट्स व महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की स्वयंसेविकाओं ने संयुक्त रूप से लोगों को स्वदेशी मूल्यों, राष्ट्रीय गौरव और स्वामी विवेकानंद की शाश्वत शिक्षाओं के प्रति जागरूक करने के लिए गांव भिवानी रोहिल्ला में रन फॉर स्वदेशी (स्वदेशी संकल्प दौड़) अभियान चलाया। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने कहा कि इस तरह के आयोजन द्वारा विद्यार्थियों, युवा समूहों और समुदाय को फिटनेस, जागरूकता तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ विवेकानंद जयंती मनाने के लिए जोड़ता है। दौड़ का शुभारंभ डॉ सरिता शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर किया। अभियान में एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा, एनसीसी एएनओ लैं गुंजन शर्मा, सीटीओ नेहा, वाणिज्य प्रभारी ज्योति सोनी व अनु के नेतृत्व में महाविद्यालय की 135 छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।


हिसार। जागरूक करती महारानी रानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की छात्राएं।


हिसार। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. शीतल व अशोक हुड्डा प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए।

### इंडस आरपीएस की याहवी ने प्रथम स्थान पाया

**हिसार।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद आश्रम ट्रस्ट द्वारा स्मॉल वंडर पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में एक इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं पर आधारित थी। सीनियर इंग्लिश कैटेगरी में इंडस आरपीएस की याहवी ने प्रथम, मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल के पवन ने द्वितीय, स्मॉल वंडर की खुशी ने तृतीय व डी पी एस स्कूल की रक्षिता ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जूनियर हिंदी केटेगरी में स्मॉल वंडर स्कूल की अनवी ने प्रथम, डीपीएस स्कूल की वंशिका ने द्वितीय, मोगा देवी मिंडा मेमोरियल की ईशाली ने तृतीया, पैलेडियम स्कूल की हीरत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर हिंदी कैटेगरी मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल के राजन ने प्रथम, स्मॉल वंडर पब्लिक स्कूल की वैभवी ने द्वितीय, कॉसमॉस की नैंसी ने तृतीय व पैलेडियम की वान्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता की रोलिंग ट्रॉफी ओवरऑल विजेता रहे स्मॉल वंडर स्कूल ने प्राप्त की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हवलदार कश्मीर सिवाच ने विजेताओं को ट्रॉफी और स्वामी विवेकानंद जी की किताबें देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षाविद् अशोक हुड्डा भी मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयकी यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ महावीर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के डिजिटल युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाएं। इसी कड़ी में वक्ता ने 'स्वदेशी अपनाए-देश को आत्मनिर्भर बनाएं' के लिए भी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम आयोजन में स्वयंसेवक रितु, प्रियांशु, आदित्य एवं तुषार का सहयोग सराहनीय रहा। विश्वविद्यालय के रेड क्रॉस इकाई के फील्ड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र श्योराण और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

## खबर संक्षेप

### जूनियर वर्ग में डीपीएस की साक्षी रही प्रथम

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ एक गौरवपूर्ण क्षण दर्ज किया। जूनियर श्रेणी (अंग्रेज़ी) में कक्षा आठवीं की साक्षी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और वाकपटुता के माध्यम से प्रथम स्थान हासिल किया।

### सुमन जेजेपी की महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त

**हिसार।** सेक्टर 9-11 निवासी सुमन श्योराण को जननायक पार्टी की हिसार महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुमन श्योराण ने अपनी नियुक्ति पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी के विश्वास पर खरा उतरेंगी और वे पार्टी संगठन की मजबूती के पूरी मेहनत और निष्ठा से कार्य करेंगी।

### एडवोकेट खोवाल की चाची चंद्रो देवी का निधन

**हिसार।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल की चाची एवं मौसी, बधावा सिंह खोवाल की धर्मपत्नी 76 वर्षीय चंद्रो देवी का आकस्मिक निधन हो गया। चंद्रो देवी अपने धार्मिक आचरण, सादगीपूर्ण जीवन और सामाजिक सद्भाव के लिए जानी जाती थीं।

### नगर निगम की टीम ने 15 बेसहारा पशु पकड़े

**हिसार।** नगर निगम की टीम का बेसहारा पशु पकड़ो अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने सोमवार को पटेल नगर कैमरी रोड, सेक्टर 15, हाउसिंग बोर्ड के पास से 15 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गो-अभ्यारण भेजा गया।

### ट्रैक्टर पर अनुदान के लिए आवेदन 15 तक

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए एसबी-89 योजना के तहत 15 जनवरी तक आवेदन मांगे हैं। डीसी महेंद्रपाल ने बताया कि अजा के किसानों को 45 हॉर्स पावर या उससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर की खरीद पर अनुदान देने का प्रावधान है।


हिसार। अध्यापक संघ के प्रदर्शन को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

### अध्यापक संघ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने टीईटी की अनिवार्यता थोपने के विरोध में खिलाफ स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। रोष प्रदर्शन का संचालन जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें टीईटी की आड़ में अध्यापक वर्ग को परेशान करने पर तुली हुई हैं। जिन अध्यापकों को शिक्षण करते हुए 10-15 वर्ष हो गए हैं उनको अब टीईटी पास करने का कहा जा रहा है। इस प्रकार की शर्तें थोपना न्यायसंगत नहीं है। जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि इस दौरान अध्यापकों के जिला स्तरीय कार्यों को समय पर निपटाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन को राज्य उपप्रधान अलका, अध्यापक संघ के पूर्व नेता जयवीर सिंह, जिला उपप्रधान वीरेंद्र सिंह, जिला वित्त सचिव विजेंद्र सिंह, सहसचिव भूपेंद्र सिंह, विजय कुमार पीटीआई, दलबीर भादू, अग्रोहा ब्लॉक प्रधान नरेंद्र कुमार लोरा, बाबूलाल, शमशेर सिंह, संदीप मिरकां, अशोक यादव, ओमप्रकाश माल, सूबे सिंह बूरा, सुरेंद्र मान, अभय राम फौजी व दिनेश सिवाच आदि ने भी संबोधित किया।

## हरियाणा के तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन

- हरियाणा के तीरंदाजों ने जीते 7 स्वर्ण 1 रजत व 12 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

रांची में 5 से 10 जनवरी तक बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित 69वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में हरियाणा तीरंदाजी की टीम में विभिन्न जिलों के चयनित खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण 1 रजत व 12 कांस्य पदक जीत अपने प्रांत का नाम रोशन किया। हरियाणा टीम के कोच मनजीत मलिक ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए 26 से 31 दिसंबर तक उमरा गांव में प्रशिक्षण शिविर लगा था।


हांसी। राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

कोच मनजीत मलिक ने बताया कि लड़कियों की टीम ने रिकर्व राउंड में श्रेया फरीदाबाद, मन्नत रोहतक, जन्नत सोनीपत तथा लावन्या गुरूग्राम ने स्वर्ण पदक, रिकर्व राउंड लडकों की टीम मयंक कुमार हिसार, सक्षम हिसार, सूर्यांश गुरूग्राम व आदित्य मलिक रोहतक ने कांस्य पदक, कंपाउंड राउंड लड़कों की टीम लवप्रीत फरीदाबाद, मनवीर हिसार, आहान पानीपत तथा प्रभात हिसार ने कांस्य पदक जीते। कंपाउंड मिक्स टीम इवेंट में एंजेल सोनीपत व लवप्रीत सिंह फरीदाबाद ने स्वर्ण पदक जीता। रिकर्व राउंड व्यक्तित्व इंवेट में श्रेया फरीदाबाद ने स्वर्ण तथा जन्नत सोनीपत ने कांस्य पदक जीता। रिकर्व व्यक्तित्व इंवेट में मयंक कुमार हिसार ने कांस्य तथा कंपाउंड राउंड व्यक्तित्व इवेंट गुरुग्राम निवासी जिया यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर कांस्य पदक हासिल किया।


हिसार। श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर नागोरी गेट में आयोजित श्री राम कथा में उपस्थित आयोजित श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### जीवन में हर समस्या का समाधान संभव : शशि शेखर

**हिसार।** श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट, हिसार में आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के अष्टम दिवस पर हनुमान मिलन एवं राम-सुग्रीव मित्रता की अत्यंत प्रेरणादायी और भावपूर्ण कथा का सुंदर वर्णन किया गया। कथा व्यास पंडित शशि शेखर महाराज ने इस प्रसंग को भक्ति, विश्वास और सच्ची मित्रता का अद्भुत उदाहरण बताते हुए श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा का पूजन महेश कुमार द्वारा सपरिवार करवाया गया। कथा व्यास पंडित श्री शशि शेखर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि आज के युग में हनुमान जी जैसा निष्ठावान सेवक और राम-सुग्रीव जैसी सच्ची मित्रता समाज के लिए आदर्श है। यदि जीवन में विश्वास, सहयोग और धर्म का पालन किया जाए तो हर समस्या का समाधान संभव है। अंत में मंदिर समिति द्वारा कथा व्यास का सम्मान किया गया और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## किसानों की कड़ी मेहनत को शुक्रिया देने के साथ मनाते हैं लोहड़ी : बजरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रोहा धाम में लोहड़ी के पावन पर्व पर भजन समारोह, रेवड़ी, मूंगफली व मिठाई वितरण के साथ भव्य रूप से अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में मनाया गया। लोहड़ी के पावन पर्व पर बजरंग गर्ग ने रेवड़ी, मूंगफली व मिठाई वितरण की। बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा की लोहड़ी का त्योहार किसानों की कड़ी मेहनत और श्रम के लिए शुक्रिया की देने के साथ मनाते हैं। गर्ग ने कहा कि उस समय दुल्ला भट्टी नाम का डाकू हुआ करता।

दुल्ला भट्टी ने सुंदरी-मुंदरी नाम की लड़कियों को जालिमों से छुड़वाकर उनकी शादी करवा दी। दुल्ला भट्टी ने इस मुश्किल घड़ी में लड़कियों की भारी मदद की। दुल्ला भट्टी ने लड़के वाले परिवार को मनाया एक जंगल में आग लगाकर दोनों लड़कीयों सुंदरी-मुंदरी का विवाह करवा दिया। इसलिए लोहड़ी के त्योहार पर सुंदरी-मुंदरी हो तेरा कौन बेचारा हो एक गीत के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर पवन गर्ग, राजेंद्र बंसल, चूड़ियां राम गोयल, अनंत अग्रवाल, संदीप कुमार, महेश अग्रवाल, ब्रह्मानंद गोयल, सुरेंद्र मित्तल, रवि सिंगला, ब्रह्मानंद गोयल, निरंजन गोयल, हरीश शर्मा आदि प्रमुख लोगों ने भाग लिया।


हिसार। लोहड़ी का पर्व मनाते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि।

### नगर निगम ने काटे 10 के चालान

**हिसार।** नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को एएसआई राहुल सैनी, एएसआई रोहित, एएसआई राहुल पंवार ने बरवाला चुंगी से सुंदर नगर तक खुले में कचरा डालने पर चार दुकानदारों के चालान किए। इसके अलावा एएसआई विजेता ने ऋषि नगर निवासी का घर का कचरा डोर-टू-डोर वाहन में सेग्रीगेस्ट करके न डालने पर चालान किए। इसके अलावा एएसआई ने सुशीला भवन के सामने सड़क पर पड़े सीएंडडी वेस्ट के उठान न करने पर संबंधित व्यक्ति का चालान किया गया।

## समसामयिक शैक्षिक विषयों पर किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य को लेकर पिछले चार दिनों से विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण सत्रों में सीबीएसई के अनुभवी रिसोर्स पर्सन द्वारा समसामयिक शैक्षिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन सीबीएसई रिसोर्स पर्सन बालेश्वर मेहतो द्वारा स्ट्रेनथिंग असेसमेंट एंड एव्यूलेशन प्रेक्टिस विषय पर सत्र लिया गया। उन्होंने मूल्यांकन की नवीन पद्धतियों, सतत एवं व्यापक मूल्यांकन, सीखने के परिणामों के आकलन तथा विद्यार्थियों की क्षमता आधारित जांच पर प्रकाश डाला। दूसरे दिन सीबीएसई रिसोर्स पर्सन बृजेश द्वारा नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर विस्तृत सत्र आयोजित किया गया। तीसरे दिन सीबीएसई रिसोर्स पर्सन राहुल शर्मा ने साइबर सेफ्टी विषय पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के चौथे और अंतिम दिन नई शिक्षा नीति 2020 पर सत्र का आयोजन किया गया, जिसे आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्राचार्य एवं सीबीएसई रिसोर्स पर्सन नितीश मिश्र ने संबोधित किया। मौके पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या गीता यादव प्राइमरी प्रभारी प्रोमिला यादव मौजूद रहे।


हांसी। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के शिक्षक व स्कूल प्रिंसिपल।

### प्रेम सिंह ने सीजेआई से मिलने की जताई इच्छा

# सीजेआई के मास्टर रहे प्रेम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

देश के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने गांव पेटवाड़ में उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मंच जिस गुरु का नाम लिया था सोमवार को गांव पेटवाड़ की तरफ मास्टर प्रेम सिंह उनके घर जाकर चीफ जस्टिस के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत और ग्रामीणों ने सम्मानित किया। गुरु जी ने इस सम्मान को माथे से लगाया और चीफ जस्टिस से मिलने की इच्छा भी जताई।

बता दें कि चीफ जस्टिस सूर्यकांत गांव पेटवाड़ में शनिवार को पहुंचे थे। उन्होंने मंच से अपने बचपन के दिनों की याद सांझा करते हुए गांव के सरकारी स्कूल में गांव मदन हेड़ी के अध्यापक प्रेम सिंह होते थे जो हमें अंग्रेजी पढ़ाते थे और इतने मेहनती होते थे कि रात को भी अलग से पढ़ाने के लिए हमें स्कूल में बुलाते थे। रात भर वो हमें पढ़ाते थे ताकि परीक्षा में हम अच्छे अंक लेकर पास हो सके। जब मास्टर प्रेम सिंह की इस बात की सूचना मिली कि उनके शिष्य रहे चीफ जस्टिस ने उनका नाम लिया है। सोमवार को गांव की तरफ से ग्रामीण चीफ जस्टिस सूर्यकांत के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत, घनश्याम शर्मा, सुरेंद्र उर्फ गोगल नंबरदार, बबलू शर्मा, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, मास्टर रमेश कुमार, अमित खन्ना, राममेहर पंच ने स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट करके सम्मानित किया।


नारनौंद। गांव मदन हेड़ी में मास्टर प्रेम सिंह को सम्मानित करते चीफ जस्टिस के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### गुरुजी की इच्छा

मास्टर ऋषिकांत ने कहा कि पूरे गांव की तरफ से मास्टर प्रेमसिंह को सम्मानित किया गया है। गुरुजी ने इच्छा जताई है कि वो चीफ जस्टिस सूर्यकांत से मिलना चाहते हैं। बातचीत करके समय मिलते ही उनको उनसे मिलाया जाएगा।

### *ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने की बैठक*

*हिसार। सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की सातरोड सब यूनिट की मासिक बैठक सब यूनिट प्रांगण में सब यूनिट प्रधान बोबिंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव मुकेश कुमार खांडा ने किया। बैठक में यूनियन के राज्य नेता जगमेंद्र पूनिया, सूबे सिंह कादयान, धर्मेंद्र शर्मा जेई, सर्कल सचिव औमप्रकाश वर्मा, यूनिट प्रधान बिजेंद्र पूनिया, वरिष्ठ उपप्रधान रविंद्र बिश्रोई व सहसचिव मुकेश गौतम आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार जनविरोधी, कर्मचारी व किसान विरोधी नीतियां लागू कर रही है, जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में सब यूनिट नेता कमल पूनिया, दिनेश, पवन, आत्माराम, रविंद्र सैनी व सुंदर सैनी आदि भी मौजूद रहे।*

स्थापित - 1936 सर्वेसन्तु निरामया :
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल
3 पीढ़ीयों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग


एग्जीमा, Fungal, Acne, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।

डॉ. साकेत शर्मा, आयुर्वेदाचार्य
मोहल्ला सैनियान, हिसार | मो. 98960-04939